केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक १, वायुसेना स्थल, चकेरी, कानपुर
कक्षा 1 में प्रवेश हेतु प्रवेश सूचना (2022-23)

दिनांक : 24.02.2022

शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए **केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक १, वायुसेना स्थल, चकेरी, कानपुर** में **कक्षा एक** में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण **दिनांक 28.02.2022 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 21.03.2022 सांय 7:00 बजे तक** किया जा सकेगा। प्रवेश संबन्धित विवरण **वैबसाइट और Android मोबाइल ऐप** दोनों के माध्यम से https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

शैक्षणिक सत्र 2020-21 में कक्षा 1 में ऑनलाइन प्रवेश के लिए आधिकारिक Android मोबाइल ऐप https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in/apps/ पर उपलब्ध है। ऐप डाउनलोड करने और इन्स्टाल (Install) करने के निर्देश उपरोक्त URL पर उपलब्ध होंगे। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे पोर्टल और ऐप का उपयोग करने से पहले निर्देशों का सावधानी से पालन करें। नई शिक्षा नीति(NEP)2020 के अनुसार **कक्षा 1 में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु 6 वर्ष होगी और आयु की गणना 31.03.2022 से होगी।**

समस्त अभिभावक पंजीकरण करने के समय ही निम्नलिखित दस्तावेजों की उप्लब्धता सुनिश्चित कर लें |

1. **जन्म प्रमाण पत्र (बच्चे के नाम से जारी होना चाहिए)**
2. **निवास प्रमाण पत्र**
3. **जाति प्रमाण पत्र (एस सी ,एस टी व ओबीसी के लिए अनिवार्य)**
   ***ओबीसी प्रमाण पत्र जारी होने की तिथि 3 वर्ष के पूर्व की नहीं होनी चाहिए|**
4. **सेवा प्रमाण पत्र (केंद्रीय / राज्य सरकार के कर्मचारियों और स्वायत्त निकायों के लिए)**
5. **स्थानांतरण की संख्या दिखाने वाला सेवा प्रमाणपत्र (पिछले ७ वर्षो के दौरान हुए सभी स्थानांतरण को विधिवत रूप भर के कार्यालय के प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरित,**

मुहर लगाकर, नाम ,पदनाम और अन्य प्रासंगिक विवरणों को ब्लाक अक्षरों में लिखा होना चाहिए |

6. **एकल पुत्री शपथ प्रमाण पत्र रु 100/- के गैर न्यायिक स्टाम्प पर|**
7. **मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी विकलांग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)**
8. **वेतन भोगी कर्मचारियों की वेतन पासबुक / वेतन पर्ची**
9. **EWS प्रमाण पत्र(यदि लागू हो)**
10. **बच्चे का आधार कार्ड**

वर्तमान में COVID -19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सक्षम अधिकारी (केंद्र/राज्य/स्थानीय) द्वारा जारी स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों की अनुपालना में अभिभावकों से अनुरोध है कि वे विद्यालय में आकर भीड़ एकत्रित न करें। प्रवेश संबंधी सभी सूचनाओं की जानकारी के लिए **विद्यालय की वैबसाइट https://no1kanpur.kvs.ac.in/ मुख्यालय की वैबसाइट https://kvsangathan.nic.in** निरंतर देखें।

कक्षा 1 में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन (Online) है|